तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026



14 अक्षय तृतीया पर राहगीरों को पिलाया शरबत, ...





14 खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना पीसीए का उद्देश्य : मनमीत







छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

24/04/2026

(संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065

9340311314, 9303893829


# बिना ओटीपी नहीं मिलेगा घरेलू सिलिंडर, कॉमर्शियल के लिए बढ़ी पंजीयनों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर सहित जिले के होटल रेस्टोरेंटों की मांग का फिलहाल 40 फीसदी कॉमर्शियल सिलिंडर ही कारोबारियों को मिल पा रहा है। लेकिन, अचानक से 19 किलो वाले सिलिंडर की मांग बढ़ गई है। दरअसल, पूर्व में होटल रेस्टोरेंट आदि में पहले 14 किलो वाले डोमेस्टिक सिलिंडर ही खप रहे थे।

बता दें कि ईरान अमेरिका और इजराईल युध्द के दौरान होर्मूज विवाद के चलते सामने आए ईंधन संकट के बाद घरेलू और कॉमर्शियल सिलिंडरों की बुकिंग और सप्लाई के नए नियमों के चलते भारी संख्या में कॉमर्शियल सिलिंडर के लिए नए रजिस्ट्रेशन हुए। इसके चलते कॉमर्शियल सिलिंडर की मांग तकरीबन दोगुनी हो गई। अब इसी मांग के आधार पर 40 फीसदी तक की सप्लाई तो दी जा रही है लेकिन, यह भी नए पंजीयन कर्ताओं के चलते नाकाफी साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि लेकिन, आगामी दिनों में बिना डीएसी नंबर के बिना सिलिंडर मिलने में कठिनाई होगी। इसलिए नए पंजीयन कर्ताओं की संख्या बढ़ने लगी है। जिले के सरकारी छात्रावास, रेस्ट हाउस, सर्किट हाउस, बाल संप्रेषण गृह सहित जेल आदि स्थानों में भी बिना सब्सिडी वाला कामर्शियल और घरेलू सिलिंडर की सप्लाई होती है। इन स्थानों पर आपूर्ति बाधित न हो इस बात का विशेष खयाल रखा जाता है। बता दें कि इस स्थानों में खपत के दिनों की निश्चितता नही होती। कभी जल्दी को कभी देर से सिलिंडर खत्म होते हैं। इसलिए इन स्थानों की सप्लाई में कॉमर्शियल और घरेलू सिलिंडर आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार प्रदाय किए जा रहे हैं।



## सिलेंडर की रोज लग रही लाइन

### प्रशासन की निगरानी में आपूर्ति सामान्य: एजेंसियां

गैस एजेंसी संचालक धर्मेंद्र महोबिया, पंकज चंद्राकर, सतपाल सिंह पाली आदि ने बताया कि कॉमर्शियल सिलिंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होते ही स्थिति में सुधार होगा। सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता का दावा करते हुए इन्होनें कहा है कि लोग भय के चलते और कुछ जमाखोरों द्वारा मुनाफाखोरी के उद्देश्य से सिलिंडर की कमी और आगामी दिनों में आपूर्ति के बाधित होने जैसा भय फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इन्होनें कहा है कि प्रशासन द्वारा मांग और पूर्ति पर सतत निगरानी बनाए रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम गड़बेड़ा चौक में एक कार की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। पिथौरा पुलिस को दिनेश पटेल पिता डिग्री पटेल निवासी नवगढ़ी बसना ने बताया कि 19 मार्च को कार क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 5002 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125 ए बीएनएस, 184 एमवी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ उत्पीड़न

**महासमुंद।** शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से उत्पीड़न किए जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने सरायपाली थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता व सरायपाली निवासी महिला ने एफआईआर में बताया कि घटनास्थल ग्राम चरौदा भिलाई में 9 मार्च से 17 अप्रैल तक आरोपी भावेश कुमार साहू पिता प्रफुल साहू पंचशील नगर चरौदा भिलाई ने उसके साथ शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक उत्पीड़न किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 85 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गांजा बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने ग्राम मेडापाली में एक व्यक्ति के कब्जे से चार लाख से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी डोरीलाल उर्फ प्रेम पिता सेतकुमार पटेल निवासी मेड़ापाली के कब्जे से 8 किलो 106 ग्राम गांजा कीमत 4,05,000 रुपए को बरामद किया गया है।

**मनमानी:** निर्धारित क्षेत्र से अन्यत्र उत्खनन से करोड़ों की रॉयल्टी की चोरी

# भारत माला परियोजना, गुरुड़डीह क्षेत्र में मुरुम का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत माला परियोजना में लगने वाले मुरुम के लिए जिले के गांव-गांव के भीतरी हिस्सों में प्रस्तावित क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है। उक्त निर्माण कार्य में जुटी कंपनी द्वारा शासन-प्रशासन को राजस्व की क्षति पहुंचाए जाने का खुला खेल जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण कार्य के लिए गुडरूडीह (तुमगांव) के जंगलों से अंधाधुंध मुरूम उत्खनन किया जा रहा है। यहां मुरूम खनन के लिए कंपनी ने प्रस्ताव लिया था, लेकिन प्रस्तावित घनमीटर से लगभग 10 गुना अधिक क्षेत्रफल में मुरूम की अवैध खुदाई की गई। इसके अलावा गांव के ही अन्य स्थान पर उत्खनन किया जा रहा। जिसके वन विकास निगम का वनभूमि होने का दावा ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। पारागांव क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण के लिए यहीं से मुरुम ले जाया गया है। अब उसके आगे अभनपुर क्षेत्र के गांवों की ओर चल रहे कार्य के लिए यहां से मुरूम ले जाया जा रहा है। जिससे वन क्षेत्र के पेड़ों की अवैध कटाई व मुरूम का अवैध उत्खनन बेरोकटेक जारी है। मामले में जिम्मेदार खनिज अफसर फोन तक नही उठाते।



### सत्ता के दबाव में प्रशासन की चुप्पी



मामले को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा है कि गुडरूडीह में प्रस्तावित क्षेत्र से अधिक क्षेत्रफल में मुरूम का अवैध उत्खनन भारत माला परियोजना कार्य में लगे कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इस अवैध उत्खनन को स्थानीय शासन-प्रशासन की मौन सहमति है जिसके चलते ग्रामीणों और विभिन्न आपत्तियों के बावजूद कोई कार्रवाई नही की जा रही है।

### करोड़ों की रायल्टी का नुकसान

अवैध उत्खनन से सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए की रायल्टी का नुकसान होने का अनुमान है। कंपनी द्वारा गुडरूडीह के जिस स्थान पर मुरूम की अवैध खुदाई की जा रही है, यदि उक्त स्थान का सीमांकन किया जाए तो करोड़ों रूपए रायल्टी चोरी का खुलासा हो सकता है। विभागीय मिलीभगत से कंपनी द्वारा अनुमति से 10 गुना अधिक क्षेत्रफल में अवैध रूप से उत्खनन किया जा चुका है।

### जान का खतरा बनेंगे ये गढ्ढे

अवैध तरीके से और निर्धारितस्थान से अन्य स्थान पर निर्धारित मापदंड़ की बजाय काफी गहराई तक खुदाई की गई है। आने वाले दिनों में या बारिश के दिनों में कोई मनुष्य या जानवर गिर जाए तो जीवित बचना मुश्किल है। वहीं वन क्षेत्र होने के कारण जंगली पशुओं के लिए भी यह खुदाई उनके लिए जीवन को खतरा उत्पन्न करने वाला बन चुका है।

## पेटी को तोड़कर 25 हजार रुपए चोरी



**महासमुंद।** बुंदेली चौक क्षेत्र के ग्राम सुईंनारा में अज्ञात व्यक्ति घर में अकेली बच्ची को बरगलाकर 25 हजार रुपए लेकर भाग निकला। मामले की जानकारी प्रार्थी सदानंद चक्रधारी ने बुंदेली चौकी में दी। जिस पर तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी सदानंद चक्रधारी ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को वह 9.40 बजे खाद लेने सोसायटी नवागांव कला गया था। इस दौरान उसकी बच्ची रिया चक्रधारी घर पर अकेली थी।

तभी एक अज्ञात आरोपी ने आकर बच्ची से पिता का नाम पूछा और कहा कि तुम्हारे पिता ने सीमेंट खरीदा है, उससे पैसा लेना है। बच्ची ने घर पर कोई नहीं होने व पेटी की चाबी दादी ले गई है कहा। इसके बाद अज्ञात आरोपी कुछ देर बाद आकर तुम्हारी दादी ने पेटी का ताला तोड़ने कहा है, कहते हुए कुल्हाड़ी से पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे 25 हजार रुपए को लेकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 305 (ए), 332 (सी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## मणिकंचन केंद्र में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रविवार को नगर पालिका के ग्राम खरोरा स्थित मणिकंचन केंद्र में आग लग गई। बताया जा रहा है कि केंद्र में रखी गई कलर झिल्लियों में भीषण गर्मी के चलते आग लग गई। जिसे समय रहते काबू पा लिया गया। बता दें कि फायर ब्रिगेड को पहुंचने में तकरीबन 15-20 मिनट का समय लगते तक पालिका कर्मियों ने स्थानीय बोर की मदद से आग फैलने से रोका फिर फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर पूरी तरह आग पर काबू पा लिया गया। पालिका द्वारा आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।





### कंटेनर का लॉक तोड़कर चोरी

महासमुंद। एनएच 53 मुढ़ीपार चौक के पास एक कंटेनर कालॉक तोड़कर सामान चोरी के मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी साहिल खान पिता आरिफ हुसैन निवासी सुखपुरी हरियाणा ने बताया कि 2 अप्रैल को रात 11-12 बजे के बीच नेशनल हाईवे 53 में मुढ़ीपार चौक के पास उसके कंटेनर क्रमांक एचआर एके 3554 का लॉक तोड़कर उसके अंदर लोड 4 यूनिट टॉकेट कीमत 267837 रुपए की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305 सी बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद


भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर रविवार को सर्व ब्राह्मण समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली। देर शाम करीब 7 बजे स्थानीय विप्र भवन से निकली। इस शोभायात्रा में समाजजनों सहित विप्र युवाओं में जबरदस्त उत्साह रहा। शोभायात्रा नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए सिटी स्पोर्ट्स पहुंची। जहां विप्रजनों ने सामूहिक स्नेह भोज किया। अक्षय तृतीया के दिन भगवान श्री विष्णु के छठवें अवतार परशुराम प्रकट हुए थे। शोभायात्रा से पूर्व विप्र भवन में भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। शोभायात्रा का विभिन्न समाजजनों ने जगह-जगह स्वागत किया। शोभायात्रा में प्रथम पंक्ति पर धुमाल ग्रुप, महिला मंडल की टीम, बाद समाज के प्रमुख जन और इसके बाद कर्मकांड पुरोहित वाहन पर यज्ञ करते चल रहे थे। शंखनाद और स्वस्तिवाचन से शहर का वातावरण धर्ममय हो रहा था।

## पारा 43 पार, सूनी हो रही सड़कें, तेज धूप में निकलने से बच रहे लोग

**महासमुंद।** तेज गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। जिला मुख्यालय तथा आसपास का क्षेत्र रविवार को भी भीषण गर्मी से तपता रहा। तापमान करीब 43 डिग्री सेल्सियस तक है। दिन में 9 बजे के बाद से शाम तक गर्म हवा चल रही है, सड़कें सूनी हो रही है। लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित किया है। सोमवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। शहर ही नहीं गांव के लोग भी सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक गर्म हवाओं का सामना कर रहे हैं। खासकर 12 बजे से मध्यान्ह 4 बजे तक शहर और गांवों में भी अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात दिख रहे हैं। लोग जरूरी काम होने पर ही पूरा शरीर ढंककर घर से निकल रहे हैं। शाम 5 बजे के बाद से ही सड़क और बाजारों में रौनक दिख रही है। लोग भी सुबह ही अपने कामों को निपटा कर घर या दुकान पहुंच रहे हैं। और शाम को तापमान कम होने के बाद ही बाहर निकल रहे हैं। बता दें कि शुक्रवार को पारा 43 पार कर गया था। शनिवार-रविवार को भी इसमें किसी तरह की राहत नहीं मिली। और माह के सर्वोच्च शिखर पर रहा। आने वाले दिनों में भी राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आने वाले सप्ताह भर तापमान में एक-दो दिन मामूली गिरावट हो सकती है। जबकि, बाकी दिन 42 से 44 तक पारा बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन तक न्यूनतम तापमान 28 और अधिकतम 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूर्वानुमान लगाया गया है।





## खबर संक्षेप

### जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों के अवकाश पर सख्ती

**कोण्डागांव।** जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा। जनगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अवकाश लेने के लिए कलेक्टर की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। किसी भी अधिकारी–कर्मचारी को बिना पूर्व स्वीकृति मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। विशेष परिस्थितियों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने के बाद ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। पहले से स्वीकृत अवकाश के मामलों में भी पुनः आवेदन कर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी से अनुमति लेना जरूरी होगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कांग्रेस की बैठक में भाजपा से जनता को बचाने पर चर्चा

**जगदलपुर।** उत्तर ब्लॉक प्रभारी अतिरिक्त शुक्ला व सह प्रभारी सुषमा सुता की अध्यक्षता, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव के नेतृत्व में एवं ब्लॉक बूथ प्रभारी गौरनाथ नाग व मंडल अध्यक्ष ललिता राव की उपस्थिति में कांग्रेस का मिशन वार्ड चलो अभियान के तहत बालाजी वार्ड में गोलबाजार मंडल की बैठक हुई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की रीति नीति एवं जनहित के कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने एवं भाजपा के जनविरोधी नीतियों के सम्बन्ध में जनता को सचेत कराने की साथ कांग्रेस की मजबूती पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला महामंत्री अभिषेक नायडू, दंतेश्वर राव, शुभम नायडू, गोपाल तीथार्नी मौजूद रहे।

### पहले का बस्तर और नक्सलवाद के बाद क बस्तर को जाना

**जगदलपुर।** डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग के तहत बस्तर में सोशल मीडिया क्रिएटर्स मीट का आयोजन रविवार को शौर्य भवन में किया गया। बैठक में पूरे देश के यूट्यूबर्स, इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स ने हिस्सा लिया। आईजी सुन्दरराज पी और कलेक्टर आकाश छिकारा ने क्रिएटर्स से संवाद करते हुए बस्तर की पूर्व की स्थिति और बदलती परिस्थितियों, परिवहन व्यवस्था, व्यापारिक गतिविधियों, आदिवासी संस्कृति, दशहरा और प्राकृतिक सुंदरता के संबंध में जानकारी दी।

### महिला आरक्षण : आज कांग्रेस की पत्रकारवार्ता

**धमतरी।** महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज 20 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे राजीव भवन में पत्रकारवार्ता आयोजित की जाएगी। पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और महिला आरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 21 को

**नगरी।** दानवीर भामाशाह जयंती पर युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा द्वारा 21 अप्रैल मंगलवार को साहू सदन नगरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय धमतरी एवं सीएचसी नगरी के चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक रक्तदाता को विशेष गिफ्ट सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में चन्द्रभान साहू, दीपेश साहू, विकास साहू, दीपक साहू, पुनेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, थानसिंग साहू, तुकेश्वर साहू, योगेश साहू जुटे हुए हैं।

### आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

धमतरी। जिले के गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा पहली से बारहवीं तक रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं।

# सुशासन तिहार : गांव-गांव पहुंचेंगे जनप्रतिनिधि और अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोगों की समस्याएं जानने और उनका निराकरण करने के लिए एक बार फिर सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान पूरे मई माह में चलेगा। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि सुशासन में मिले आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक निराकरण करें।

मई माह में एक बार फिर जनप्रतिनिधि और अधिकारी गांव-गांव पहुंचेंगे। उद्देश्य लोगों की समस्याओं का निराकरण करना है। हर साल की तरह इस साल भी

## 30 अप्रैल तक पेंडिंग कार्यों को निबटाने के निर्देश



### प्रत्येक गांव में लगेंगे शिविर

जिले के प्रत्येक गांव में इस अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में 15-20 विभागों की संयुक्त भागीदारी रहेगी। शासन ने सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने और प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के अंतर्गत नरेगा, सामाजिक सुरक्षा, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

छत्तीसगढ़ शासन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुशासन तिहार 2026 का आयोजन करने जा रहा है। यह अभियान 1 मई से 30 जून तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार इस तिहार के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आम जनता को दी जाएगी।

### अप्रैल में निबटाएं पेंडिंग काम

सुशासन तिहार से पहले पेंडिंग कार्यों को निबटाने के निर्देश दिए गए हैं। 30 अप्रैल तक भूमि संबंधी प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा का पेंडिंग भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाओं का भुगतान, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र के पेंडिंग काम, बिजली, ट्रांसफार्मर, हैंडपंप सुधार, उज्ज्वला, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था, सामाजिक पेंशन जैसी योजनाओं का सभी पेंडिंग कार्य निबटाने के निर्देश हैं।

## प्रशिक्षण के बाद प्रगणकों ने किया सफल डेमो

# डिजिटल जनगणना 2026 का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

राष्ट्रीय जनगणना 2026 के तहत धमतरी जिले में जनगणना कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। मकानों की नंबरिंग के साथ इस महाअभियान की अधिकृत शुरुआत हो चुकी है। इसी क्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) फॉर्म भरकर नागरिकों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास की आधारशिला है। नागरिक http://se.census.gov.in पोर्टल के माध्यम से अपनी एवं परिवार की जानकारी सरल, सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से दर्ज कर सकते हैं। कुरुद तहसील में जनगणना कार्य युद्धस्तर पर जारी है। तहसीलदार सूरज बंछोर के अनुसार प्रथम चरण में 150 प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 22 से 24 अप्रैल तक होगा। तहसील में लगभग 250 प्रगणकों की 5 टीमें गठित की गई हैं। इनमें शिक्षक एवं पटवारियों को मकानों और दुकानों के सूचीकरण का जिम्मा सौंपा गया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग-अलग दल बनाए गए हैं।



### सर्वेक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

एसडीएम नभसिंह कोसले ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण के बाद प्रगणकों द्वारा क्षेत्र में जनगणना का सफल डेमो भी किया जा चुका है।

### घर-घर सत्यापन, 33 बिंदुओं पर जानकारी

मकान नंबरिंग पूर्ण होने के बाद अब प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में होगी, जिसमें मोबाइल ऐप के जरिए रियल-टाइम डेटा अपलोड किया जाएगा। प्रत्येक प्रगणक को औसतन 150 से 200 घरों की जानकारी संकलित करनी होगी। जनगणना के दौरान नागरिकों से 33 बिंदुओं पर जानकारी ली जाएगी, जिसमें मकान की संरचना, उपलब्ध सुविधाएं (बिजली, पानी, इंटरनेट), परिवहन साधन, रसोई ईंधन तथा डिजिटल उपकरणों (स्मार्टफोन, लैपटॉप) के उपयोग से जुड़े प्रश्न शामिल हैं।

# डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आमदी में अम्बेडकर जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के विचारों एवं उनके सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को याद किया गया।

विधायक श्री साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय की स्थापना संभव है। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर सुनीता साहू, कविता साहू, ललिता पटेल, अनीता ठाकुर समेत कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

# भूमाफियाओं के दबाव में किसान, भखारा में जमीन कारोबार पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

नगर पंचायत भखारा में जमीन के भाव आसमान छू रहे हैं। यहां कृषि भूमि हो या व्यावसायिक भूमि अधिक दाम में खरीदी एवं बेची जा रही है।



भखारा नगर रायपुर, कुरूद, धमतरी एवं पाटन से नजदीक होने के कारण बड़े-बड़े व्यापारियों की पहली पसंद बना हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां बाहर के व्यापारियों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि भूमि की खरीदी बिक्री की जा रही है। जमीन खरीद कर वहां घेरा लगाया जाता है, लेकिन कुछ दलाल भोले-भाले किसान जो अपनी कृषि भूमि बेचना नहीं चाहते हैं, उनके पास जाकर उन्हें डराते हैं कि तुम्हारा रास्ता बंद कर दिया जाएगा, रास्ता नहीं रहेगा तो किसानी कैसे करोगे। इस तरह की धमकी भरी बातों से किसान डरकर अपनी जमीन बेचने को मजबूर हो रहे हैं। इतना ही नहीं ये दलाल किसान से उसकी भूमि को कम दाम में बयाना राशि देकर बड़े व्यापारियों से लाखों रुपये अंदर कर रहे हैं। क्षेत्र एवं नगरवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे भूमाफियाओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

# किसानों को आसानी से उपलब्ध होगा खाद, बीज

- कृषि साख समिति झुरानवागांव का मुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित झुरानवागांव का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने किया। इस अवसर पर भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, जनपद पंचायत धमतरी उपाध्यक्ष केशवराम साहू, सहकारी समिति दोनर के प्राधिकृत अधिकारी खिलावन चन्द्राकार, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला धमतरी के संयोजक रुपचंद साहू, सरपंच फलेन्द्र साहू, बारना सरपंच दीपक पटेल, पूर्व जनपद सदस्य रामगोपाल चन्द्राकार, झुरानवागांव प्राधिकृत अधिकारी पूर्णिमा, सीपी साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा यह अनुकरणीय पहल है। इससे किसानों को खाद, बीज आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

इस अवसर पर राकेश साहू, भानू साहू, दयालुराम साहू, चिंताराम साहू, शंकर पटेल, गोपाल धीवर, तेजराम साहू,प्रभूराम साहू सहित सहकारी समिति के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





# चरण पादुका पाकर छात्रों के खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

स्पर्श ग्रुप धमतरी द्वारा पीएम श्री शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला आमदी एवं शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला आमदी के बच्चों को चरण पादुका प्रदान की गई। इस दौरान ग्रुप के सदस्य डॉ भूपेंद्र सोनी, डॉ राकेश साहू, डॉ देवेश सिन्हा, दीपमाला साहू, विधायक प्रतिनिधि पार्षद पारसमणि साहू मौजूद थे।

डॉ राकेश साहू ने बताया कि उनका स्पर्श ग्रुप गरीब तबके के बच्चों को इस प्रकार से नेक कार्य कर प्रोत्साहित करता है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि बच्चों आपकी परीक्षा समाप्त हो गई है और आप अगली कक्षा में प्रवेश करेंगे। यह उसका इनाम है। प्रधानपाठक लक्ष्मी कुमार साहू ने स्पर्श ग्रुप के इस कार्य की सराहना की। प्रधानपाठिका बिंदु ध्रुव एवं सविता छाटा ने आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छ भारत मिशन 2.0 : प्रबंधन संयंत्रों के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन

- महापौर ने 52.30 लाख की परियोजना से शहर की स्वच्छता को दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत सूखे एवं गीले कचरे के बेहतर प्रबंधन हेतु 52.30 लाख रुपये की लागत से संयंत्रों की स्थापना एवं स्थापित संयंत्रों के उन्नयन विकास कार्य का भूमिपूजन नागरिक बैंक के पीछे (खइया भूमि) में हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत शहर में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाया जा रहा है। सूखे और गीले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण और निस्तारण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर की स्वच्छता को नई दिशा देगा। यह परियोजना न केवल शहर को स्वच्छ बनाएगी, बल्कि संसाधनों के पुनः उपयोग (रिसाइक्लिंग) को भी बढ़ावा देगी।

आगे कहा कि स्वच्छता केवल शासन का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस प्रकार के संयंत्रों के उन्नयन से शहर में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर धमतरी के निर्माण में मदद मिलेगी।

मौके पर एमआईसी सदस्य निलेश लूनिया, विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, विभा चंद्राकर, पार्षद मेघराज ठाकुर, राकेश चंदवानी, चंद्रभागा साहू, हेमंत बंजारे, अज्जू देशलहरे, कुलेश सोनी, ईश्वर सोनकर, शैलेश रजक, आशा लोधी, महामंत्री महेंद्र पंडित, शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, राजीव चंद्राकर, गौरव मगर, मुकेश शर्मा, नंदू लोधी, मिथिलेश सिन्हा, महेंद्र खण्डेलवाल, सीमा चौबे, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश ठाकुर, गोपाल साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

## जल संकट पर निगम का बड़ा समाधान

# नई टंकी से होगी पानी सप्लाई, वार्डों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर में पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में नगर निगम ने तेजी से काम करते हुए बड़ा कदम उठाया है। कांटा तालाब स्थित 9 लाख लीटर क्षमता वाली नई ओवरहेड टंकी का इंटर-कनेक्शन कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जिसके बाद अब इससे नियमित जल आपूर्ति शुरू की जा रही है। इस पहल से जल संकट से जूझ रहे कई वार्डों के निवासियों को बड़ी राहत मिलने वाली है।



हाल ही में सामने आई पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की। स्वास्थ्य सभापति अखिलेश सोनकर ने टीम के साथ शहर की विभिन्न सिंटेक्स टंकियों का निरीक्षण किया और उनकी सफाई व जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जामलपुर, साल्हेवारपारा, आमापारा, लालबगीचा, शीतलापारा, सुभाषनगर सहित कई वार्डों में जल समस्या चिन्हित की गई।

स्थिति का त्वरित समाधान निकालते हुए निगम ने कांटा तालाब की नई टंकी को चालू करने का निर्णय लिया। पाइपलाइन विस्तार और इंटर-कनेक्शन का कार्य पूर्ण होते ही रविवार से जल आपूर्ति शुरू कर दी गई। इससे प्रभावित क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता बेहतर होगी और बोरिंग पर निर्भरता भी कम होगी।

निगम ने जल संकट से निपटने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। बनियापारा, लालबगीचा, रिसाईपारा पश्चिम और कोष्टापारा में नए बोर की स्वीकृति दी गई है। जहां तत्काल जरूरत है, वहां टैंकर के माध्यम से नियमित रूप से पानी पहुंचाया जा रहा है। निगम के पास उपलब्ध टैंकरों से सिंटेक्स टंकियों को भी भरा जा रहा है, जिससे नागरिकों को निरंतर जल आपूर्ति मिल सके।

इसके अलावा रूद्री रोड स्थित बंद पड़े मोटर वॉल को चालू कर दिया गया है, जिससे पोस्ट ऑफिस वार्ड और अंबेडकर वार्ड में जल आपूर्ति सुचारू हो गई है। जालमपुर वार्ड में नए मोटर पंप लगाने और गंगरेल पाइपलाइन से जोड़ने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है, जिससे आने वाले समय में और बेहतर जल प्रबंधन सुनिश्चित होगा। स्वास्थ्य सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि निगम नागरिकों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जहां-जहां समस्या है, वहां तत्काल समाधान किया जा रहा है और हर वार्ड तक पानी पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम शहरवासियों की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए काम कर रहा है। पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिससे गर्मी के मौसम में भी नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जल समस्या पर त्वरित एक्शन भ्रम फैलाने की कोशिश नाकाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 में पेयजल व्यवस्था को लेकर उठे विवाद के बीच निगम प्रशासन की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई सामने आई है। जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने स्पष्ट किया है कि मामले को अनावश्यक रूप से तूल देकर कुछ जनप्रतिनिधि अपनी लोकप्रियता बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि निगम पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहा है।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में सर्विस वायर में तकनीकी खराबी के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई थी। इस संबंध में पार्षद द्वारा निगम पर लापरवाही के आरोप लगाए गए, जबकि वास्तविकता इससे अलग नजर आई। सभापति अखिलेश सोनकर ने बताया कि 16 अप्रैल की शाम उन्हें इस समस्या की सूचना मिली थी, उस समय तक निगम के कर्मचारी कार्य से जा चुके थे। इसके बावजूद उन्होंने पार्षद को आश्वस्त किया कि अगले ही दिन सुबह टीम भेजकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

सोनकर ने यह भी बताया कि प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को असुविधा न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश तत्काल दिए गए थे। उन्होंने कहा कि निगम की प्राथमिकता हमेशा जनता को सुचारू सेवाएं उपलब्ध कराना है और इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाती है।

इधर, सभापति ने स्वयं स्टोर रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए।

निगम सूत्रों के अनुसार, तकनीकी समस्या का समाधान निर्धारित समय पर कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद पार्षद द्वारा मामले को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करना सवाल खड़े करता है। शहर में यह चर्चा भी है कि जनहित के बजाय व्यक्तिगत छवि चमकाने के उद्देश्य से इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम केंद्र सरकार का ऐतिहासिक निर्णय




**धमतरी।** नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में लोकसभा में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगा, लंबे समय से महिलाओं को लोकसभा व विधानसभा में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की मांग की जा रही थी, जिसे अब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के द्वारा साकार किया गया है। यह अधिनियम महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सीधे भागीदारी का अवसर देगा। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है, और यह कानून उसी भावना को सशक्त रूप में आगे बढ़ाता है, इससे न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे समाज और राष्ट्र के विकास में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। आगे मुरारी यदु ने यह भी कहा कि यह कदम 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस अधिनियम के लागू होने से देश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव आएंगे और महिलाओं की भागीदारी से नीति-निर्माण और अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा और देश को एक नई दिशा प्रदान करेगा।

## उच्च न्यायालय के खंडपीठ का कांग्रेस करती है समर्थन

**जगदलपुर।** कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार झा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बस्तर जिला अधिवक्ता संघ एवं बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने संयुक्त रूप से बस्तर में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के खंडपीठ स्थापित करने की पहल की है कांग्रेस इसका समर्थन करती है। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद से ही कांग्रेस बस्तर की भौगोलिक परिस्थितियों एवं यहां के बहुसंख्यक आदिवासी समुदाय को सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध करवाने के लिए खंडपीठ की मांग का समर्थन करते आ रही है । कोन्टा और भोपालपटनम जैसे दूरस्थ अंचल जिसकी दूरी बिलासपुर हाईकोर्ट से 500 से 600 किलोमीटर है।

## जल संरक्षण के लिए महिला जल वाहिनी ने उठाई जिम्मेदारी

**जगदलपुर।** जल जीवन मिशन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत ककालगुर के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में पोषण और जल संरक्षण के अभियान पर चर्चा हुई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फूलो पोडियामी ने ताजे भोजन और रेडी-टू-ईट फूड के माध्यम से पोषण का महत्व समझाया, वहीं गांव की जागरूक महिलाओं ने घर-घर तक स्वच्छ जल और जल संरक्षण का संदेश पहुंचाने का बीड़ा उठाया। परियोजना समन्वयक ज्योत्सना सूना ने महिला जल वाहिनी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें जल प्रबंधन की धुरी बताया। उन्होंने स्वच्छ जल व स्वच्छता को विस्तार से समझाते हुए कहा कि जब महिलाएं जल की सुरक्षा और शुद्धता का जिम्मा संभालती हैं।

# मैहर धाम के पीठाधीश्वर दाऊ सरकार का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर में शनिवार को आध्यात्मिक वातावरण उस समय देखने को मिला, जब शारदा माता मैहर धाम के पीठाधीश्वर दाऊ सरकार का आगमन हुआ। उनके स्वागत में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिशंकर सोनवानी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने भव्य आयोजन किया।

सनसिटी स्थित श्यामकुंज में आयोजित स्वागत समारोह में पीठाधीश्वर दाऊ सरकार का मालाओं, फूलों एवं आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। पूरे परिसर में जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

साथ आई भजन मंडली ने माता शारदा की स्तुति में मधुर भजन प्रस्तुत किए, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे और कार्यक्रम एक आध्यात्मिक उत्सव में बदल गया।

**मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर**



अपने संदेश में दाऊ सरकार ने श्रद्धालुओं को जीवन का सरल मार्ग बताते हुए कहा कि जिस आराध्य को आप मानते हैं, उसे सच्चे मन से प्रतिदिन कुछ समय स्मरण करें। इससे जीवन में सुख की प्राप्ति होगी और दुखों से बाहर निकलने का मार्ग भी मिलेगा। सभी ने पीठाधीश्वर से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर हरिशंकर, शशि सोनवानी सहित संस्कृति सेजल, हर्षिल सोनवानी, तपन-राखी चन्द्राकर, राजू पांडे, गोलू सिंह, श्याम साहू, लोकेश्वर सिन्हा, सुरेश अग्रवाल, कृष्णकांत साहू, मोंटू चंद्राकर, रघुनंदन साहू, भूपेंद्र सिन्हा, राजकुमार रात्रे, केशव चंद्राकर, धनेश्वर निर्मलकर, डुगेश साहू, जितेंद्र चंद्राकर, सुनील बाजपेयी, पप्पू राजपूत, उत्तम निषाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### एसडीओपी विपिन रंगारी ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की दिलाई शपथ

# निःशुल्क 150 हेलमेट वितरित, सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति पर पत्रकार संघ का जागरूकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनरतले सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम रोकथाम को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान एवं हेलमेट वितरण आत्मानंद स्कूल परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने की। विशिष्ट अतिथ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) विपिन रंगारी, वरिष्ठ पत्रकारगण जीवन नाहटा, किशन मगेन्द्र, ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव, कमल डागा थे। कार्यक्रम में डिगेश साहू, रौनक नाहटा, रजक नाहटा, अनिल वाधवानी, ऑटो संघ, पटेल ऑटो, मंशाराम साहू, राजेश तलेवार, शैलेंद्र यादव, छोटू सूर्यवंशी, गौरव ऑटो का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सार्वा ने सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति एवं साइबर अपराधों की रोकथाम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सावधानीपूर्वक वाहन चलाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

समाज में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति एवं तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखने पत्रकार संघ द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है।

श्री छाबड़ा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। छोटी-छोटी लापरवाहियां भी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। एसडीओपी विपिन रंगारी ने जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल एक कानूनी नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। आगे कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है और समाज को कमजोर बना रहा है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होना चाहिए। डिजिटल युग में अनजान कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें और किसी भी प्रकार की ठगी की स्थिति में तत्काल संबंधित विभाग को सूचना दें। वक्ताओं ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं अक्सर तेज रफ्तार, नशे में वाहन चलाने एवं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिससे कई परिवारों की खुशियां उजड़ जाती हैं। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले लोगों को शासन द्वारा सहयोग राशि प्रदान की जाती है।

जिला प्रभारी ललित साहू, संभागीय सचिव रायपुर गोपी कश्यप, जिला अध्यक्ष रूपेश साहू एवं शैलेन्द्र लाहौरिया, वरिष्ठ पत्रकार उत्तम साहू, जिला संरक्षक टोमनलाल सिन्हा, जिला महासचिव घनश्याम साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य विजयलक्ष्मी कश्यप, ब्लॉक सलाहकार उत्तम साहू एवं जयलाल प्रजापति, धमतरी शहर अध्यक्ष चुनेश साहू, जिला सहसचिव दुर्गेश साहू, कुरूद ब्लाक अध्यक्ष श्रवण साहू, मगरलोड ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वर बंटी सिन्हा, रिजवान मेमन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में आयोजन समिति के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप साहू, महासचिव नारद साहू, उपाध्यक्ष राजू गोस्वामी एवं निक्कू दीवान, जितेंद्र मंडावी, कोषाध्यक्ष मिथिलेश पटेल, जय किशन साहू, सहसचिव प्रवीण साहू, चंद्रभान साहू, जीवन साहू, भूषण नेताम, महेंद्र नेताम, मनीष यादव ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र लाहौरिया एवं शिक्षकों ने किया।




# दो दिनों में बंटा अक्षय तृतीया उत्सव

- रविवार को अनेक गांवों में संपन्न हुए अनुष्ठान, आज भी मनाया जायेगा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

अक्षय तृतीया (अक्ति) पर्व इस वर्ष तिथियों के अंतर के चलते दो दिनों में बंटा नजर आया। कुरुद क्षेत्र के अनेक गांवों में रविवार को ही परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न कर लिए गए, जबकि कुछ स्थानों पर सोमवार को पर्व मनाया जा रहा है। रविवार की सुबह से ही गांवों के ठाकुर देव स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। किसानों ने धान, नारियल और हल-नागर के प्रतीकों के साथ पूजा की और खेतों में जाकर प्रतीकात्मक जुताई कर नए कृषि सत्र की शुरुआत का संकेत दिया।

इसी दौरान गांवों में पुतरा-पुतरी विवाह की परंपरा भी निभाई गई। बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया, जिसमें तेल-माटी, बारात और भांवर जैसी सभी रस्में पूरी की गईं। मोहल्ले के लोगों ने टीकावन देकर इस आयोजन में भागीदारी निभाई। दोपहर बाद बैगा द्वारा अभिमंत्रित धान को किसान अपने खेतों में लेकर पहुंचे और बुवाई की रस्म अदा की। इसे आगामी फसल के लिए शुभ माना जाता है। वहीं सांझी परंपरा के तहत मजदूरों को भोजन कराया गया। जिन परिवारों में पिछले वर्ष किसी सदस्य का निधन हुआ था, वहां अक्ती तर्पण कर पितरों को जल अर्पित किया गया और पारंपरिक भोग लगाया गया।

उधर कुछ विद्वानों द्वारा उदया तिथि को आधार मानते हुए सोमवार को अक्ती मनाने की बात कही गई है, जिसके चलते अन्य क्षेत्रों में तैयारियां जारी हैं। तिथियों को लेकर मतभेद के बावजूद दोनों ही दिनों में ग्रामीण अंचलों में पर्व को लेकर उत्साह बना रहा।

### बाजार में बहार

# सब्जियां सस्ती, पर उत्पादक किसान बेहाल



- थोक मंडी में कुछ सब्जियां 5-7 रुपये किलो बिक रही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों की भरमार ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ा दी है। टमाटर, भिंडी, लौकी, करेला सहित अधिकांश सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई है, जिससे आम लोगों का घरेलू बजट संतुलित हो रहा है। पिछले कुछ महीनों से सस्ती सब्जियां मिल रही हैं।

दूसरी ओर किसान कम कीमत से परेशान हैं। उनका कहना है कि थोक मंडी में कई सब्जियां महज 5 से 7 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं, जो खुदरा बाजार में भी 10 रुपये तक ही पहुंच पाती हैं। इससे उनकी लागत तक नहीं निकल रही और लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### किराना बाजार में भी राहत रही

आलू 15, प्याज 20, शक्कर 45, गुड़ 55, अरहर दाल 120, मूंग 100, मसूर 90, चना 70 से 95 रुपये किलो तक बिके, जबकि अंडा 75 रुपये दर्जन रहा। उपभोक्ताओं को राहत के बीच किसानों की हालत चिंता का विषय बनी हुई है।

बढ़ती मजदूरी, परिवहन और खेती की लागत के बीच इतने कम दाम पर बिक्री किसानों की मजबूरी बन गई है।

इतवारी बाजार के सब्जी विक्रेता कैलाश सोनकर ने बताया कि रविवार को भटा 30, कद्दू 20, टमाटर 10, गोभी 30, मुनगा 80, हरी मिर्च 100, केला 20, पत्तागोभी 20, तोरई 30, कोचई 60, धनिया 100, मूली 20, लौकी 10, शिमला मिर्च 50, परवल 60 और कटहल 60 रुपये किलो तक बिके।

# बस्तर बैंड और सांस्कृतिक रंगों से सजेगा युवा उत्सव

- 24 एवं 25 अप्रैल को होगी युवा उत्सव 2026 इंटर कॉलेज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 24 एवं 25 अप्रैल को युवा उत्सव 2026 इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बैठक लेकर आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं यादगार बनाने के लिए समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण की जाएं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि यह उत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की प्रतिभा को पहचानने और उसे अवसर से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।उत्सव में 20 से अधिक विधाओं को शामिल किया गया है, जिनमें वाद-विवाद, फोटोग्राफी, एकल एवं समूह नृत्य, एकल एवं समूह गायन, म्यूजिकल बैंड, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, रैम्प वॉक (पारंपरिक वेशभूषा), आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी, फूड फेस्ट सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं प्रमुख हैं। साथ ही एआई प्रतियोगिता, साइंस एवं कृषि तकनीकी प्रदर्शनी, रोबोटिक्स वर्कशॉप और स्टार्टअप गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जिससे युवाओं को आधुनिक तकनीक एवं नवाचार से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ी संगीतमय शाम में आरु साहू की प्रस्तुति, द गोल्डन स्टार नाइट ऑर्केस्ट्रा राजिम तथा रायपुर का प्रसिद्ध आवाज क्रांति बैंड अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। 25 अप्रैल को वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी का प्रेरक सत्र युवाओं को मार्गदर्शन देगा। इसके पश्चात बस्तर का लोकप्रिय वायरा बैंड अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बनाएगा। उत्सव के दौरान महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए ई सेल अंतर्गत फोटो एडिटिंग, यूट्यूब कंटेंट क्रिएशन, मेंटल हेल्थ एवं एआई वर्कशॉप आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही खो-खो, कबड्डी, दौड़, शतरंज एवं रस्साकशी जैसी खेल प्रतियोगिताएं भी होंगी। यह आयोजन शासकीय महाविद्यालय धमतरी के नवीन भवन स्थित सेमिनार हॉल एवं परिसर में आयोजित होगा।




# कांग्रेस का चेहरा बेनकाब : येतराम


हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



देश की संसद में घटित हालिया घटनाक्रम ने एक बार फिर राजनीतिक दलों की सोच और प्राथमिकताओं को उजागर कर दिया है। महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी सहित इंडी गठबंधन का रुख कई सवाल खड़ा करता है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक का पारित न हो पाना देश की आधी आबादी की अपेक्षाओं के साथ अन्याय के समान है। उन्होंने इसे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सीमित करने वाला दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम बताया।

येतराम ने कहा कि कांग्रेस का अतीत महिलाओं के प्रति वादों और वास्तविकता के बीच के अंतर को दर्शाता रहा है। लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर ठोस परिणाम सामने नहीं आए, जबकि उन्हें अक्सर केवल चुनावी दृष्टिकोण से देखा गया। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। चाहे राजनीतिक प्रतिनिधित्व हो, आर्थिक सुदृढ़ता या सामाजिक सुरक्षा हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं।

## कांग्रेस ने नारी के आत्म सम्मान को पहुंचाई चोटः अलका



**महासमुंद।** खल्लारी की वरिष्ठ भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस एवं विपक्षी दल ने जो कृत्य किया है उससे नारी के सम्मान, स्वाभिमान व सशक्तीकरण को चोट पहुंची है। अब भारत देश की प्रत्येक मातृशक्ति आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी। कांग्रेस की एक नेत्री पहले तो यह नारा देती थी कि मैं लड़की हूं, लड़ती रहूंगी, आज उनका यह नारा लुप्त हो गया। कांग्रेस पार्टी मुख्यतः महिला विरोधी रही है। सिर्फ दिखावे के लिए महिला हितैषी होने का भ्रम फैलाती है और महिलाओं को एक वोट बैंक के नजरिए से देखती है। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास से नारी के सपनों को एक नई उड़ान मिलने वाली थी, उसे सिर्फ अपने निहित स्वार्थ के चलते राष्ट्र निर्माण के लिए नारी की भागीदारी पर कांग्रेस रोड़ा बनकर खड़ी हुई है।

## ग्रामीणों ने संविधान की उद्देशिका का किया वाचन

**अंवरी।** ग्राम कुम्हारी में संविधान शिल्पी, भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। ग्रामीणों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर भारतीय समाज की प्रगतिशीलता पर जोर दिया। गांव की महिलाओं, युवक युवतियों और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सामूहिक एवं एकल सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। नकुल देव ढीढी, महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के तैल चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

संविधान गीत पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। गीत के माध्यम से लोगों को संवैधानिक अधिकार के प्रति जागरूक किया। युवा साथियों ने पंथी गीत के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों को बताने का प्रयास किया। इस आयोजन में समिति के पदाधिकाी रूपेंद्र बघेल, काशीराम, लच्छू, छवि, डोमन सोनवानी, प्रदीप बघेल, का सहयोग सराहनीय रहा।




# अब किसानों और छात्रों को प्रमाण-पत्र के लिए शहर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा

**धमतरी।** ग्राम पंचायत मुजगहन में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का लोकार्पण हुआ। इस नवनिर्मित केंद्र का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके पंचायत स्तर पर ही विभिन्न प्रकार की डिजिटल, ऑनलाइन और शासकीय सेवाओं का त्वरित लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर होमेश्वर साहू सरपंच ने कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ गांव के विकास में एक मील का पत्थर है।किसानों और छात्र-छात्राओं को छोटे-छोटे ऑनलाइन कार्यों, शासकीय योजनाओं के आवेदन और प्रमाण-पत्रों के लिए शहर का चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह केंद्र हमारे मुजगहन को पूरी तरह से डिजिटल, स्मार्ट और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। कीर्तन मीनपाल सदस्य, जनपद पंचायत धमतरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को डिजिटल मुख्यधारा से जोड़ना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप



### परशुराम की जयंती पर महिलाओं ने की भगवान महादेव की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान परशुराम की जयंती पर महिलाओं ने भगवान महादेव मंदिर पूजा अर्चना की। शस्त्र और शास्त्र के महाज्ञानी परशुराम की जयंती 19 अप्रैल 2026 को मनाया गया है। इस दिन अक्षय तृतीया भी है। भगवान विष्णु के छठें अवतार परशुराम की पूजा विशेष रूप से शक्ति, न्याय और धर्म की रक्षा के लिए की जाता है।

### अधिवक्ता परिषद का विशेष कार्यक्रम कल

**महासमुंद।** अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की जिला इकाई महासमुंद द्वारा 21 अप्रैल को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्थानीय स्वाध्याय केंद्र सभागार में सायंकाल 6:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। अधिवक्ता परिषद महासमुंद द्वारा इस कार्यक्रम के लिए शहर के समस्त नागरिकों और प्रबुद्ध जनों को सादर आमंत्रित किया गया है। परिषद के पदाधिकारियों ने नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### इंडी गठबंधन का महिला विरोधी रूख इतिहास में होगा दर्जः तुषार

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी



किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसामिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने पारित नहीं होने दिया। तुषार ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष का महिला सशक्तीकरण विरोधी चेहरा फिर से सामने आया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने पारित नहीं होने दिया। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के बिल को गिरा देना, उसका उत्सव मनाना और उसे अपनी जीत बताकर सरकार पर हंसना सचमुच निंदनीय और कल्पना से परे है।

## निधन

### पुनऊराम चक्रधारी

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के



कुम्हार पारा निवासी पुनऊराम चक्रधारी (71) का देहांत 19 अप्रैल रविवार को हो गया। अंतिम संस्कार प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीणों सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे तिजया बाई के पति व मनोज चक्रधारी के पिता और दुष्यंत चक्रधारी व भोला चक्रधारी के दादा थे।

# अक्षय तृतीया पर राहगीरों को पिलाया शरबत, अन्य संगठन बने सहभागी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर स्थानीय थाना चौक में अग्र सेवा दल द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। इस दौरान तकरीबन 11 सौ लोगों को राहत सेवा दी गई। इस सेवा कार्य में गजानन सत्यनारायण अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। साथ ही नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर इसमे हिस्सा लिया और अपनी सहभागिता दी।

शिविर में स्काउट गाइड संघ पिथौरा के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, संतोष कुमार साहू, लेखराम साहू, झनेश साहू, दिलीप निषाद, नरेश नायक, राजीव तिवारी, संतोषी ठाकुर, निर्मला चौधरी एवं सीमा जोसेफ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




इसके अलावा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, सुरेश बंसल, राजेश गोयल, संजय गोयल एवं भावेश गोयल ने भी शिविर में पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सुमित अग्रवाल (सोनू), संदीप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल (प्रतीक), अमित गोयल, शुभम अग्रवाल एवं मनीष अग्रवाल सहित अग्र सेवा दल के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार की नीयत साफ है तो 2023 का महिला आरक्षण विधेयक लागू करे, विपक्ष का पूरा समर्थनः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित होकर कानून तो बन गया, पर प्रभावी नहीं हुआ। यह सच है कि राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन चुका है, लेकिन इसमें दो बड़ी शर्तें जोड़ी गई हैं जो इसे लंबे समय के लिए टाल देती हैं जनगणना बिल के अनुसार, महिला आरक्षण तभी लागू होगा जब देश में अगली जनगणना पूरी हो जाएगी। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर जब सीटों का नए सिरे से निर्धारण (परिसीमन) होगा, तभी महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटें मिलेंगी। हाल ही में प्रस्तुत किया गया महिला आरक्षण बिल वास्तव में महिलाओं के सशक्तीकरण का प्रयास नहीं, बल्कि देश के राजनीतिक नक्शे को प्रभावित करने और संविधान की मूल भावना को कमजोर करने की एक सुनियोजित कोशिश है। डॉ रश्मि ने प्रधानमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि यदि सरकार की नीयत साफ है, तो 2023 का महिला आरक्षण विधेयक तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। ऐसा करने पर पूरा विपक्ष इस निर्णय का 100 प्रतिशत समर्थन करेगा।

## हज यात्रा के लिए शिक्षिका तबस्सुम को दी गई विदाई



**पिथौरा।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहारा की शिक्षिका तबस्सुम शेख को 45 दिवसीय पवित्र हज यात्रा के लिए विद्यालय परिवार की ओर से शाल, श्रीफल एवं शुभकामना पत्र भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने शिक्षिका को सभी की ओर से हज यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि यह पावन यात्रा आपके जीवन में सुख, शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति का संचार करे। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार पटेल, प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के प्रधान पाठक हितेश पटेल, सहायक शिक्षक संतोष साहू ने उपहार भेंट किया।

# नारी शक्ति अधिनियम पर विपक्ष के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा की राजधानी में आक्रोश रैली आज

### महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान की अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

संसद में लाया गया 33 प्रतिशत महिला आरक्षण संबंधी सविधान संसोधन विधेयक पारित न होने के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी महिला मोर्चा के आव्हान पर महिला मोर्चा का आक्रोश रैली 20 अप्रैल को रायपुर में होगा। रैली बूढ़ा तालाब बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम से निकलेगी, इसके बाद सुभाष स्टेडियम में सभा का आयोजन होगा। महिला मोर्चा के सदस्यों द्वारा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ रैली निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।सभी क्षेत्रों से सभी वर्गों की महिलाओं को पुष्पलता चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। पुष्पलता ने



आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने सुनियोजित तरीके से इस अधिनियम को पारित होने से रोका। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल महिलाओं के अधिकारों और सम्मान से जुड़े मुद्दों पर गंभीर नहीं हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि इस विधेयक का विरोध विपक्ष के महिला विरोधी चरित्र का प्रमाण है और मातृ शक्ति इसका हिसाब मांगेगी। पुष्पलता चौहान ने जारी बयान में कहा कि विपक्षी दलों ने इस ऐतिहासिक विधेयक के खिलाफ मतदान कर न केवल संसदीय मर्यादाओं को ठेस पहुंचाई है, बल्कि देश की आधी आबादी का भी अपमान किया है। आजादी के बाद से कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा डालने का काम किया।

# कांग्रेस ने दिया महिला विरोधी होने का प्रमाणः देवेन्द्र

### देश की माताएं-बहनें कांग्रेस को देगी करारा जवाब

**महासमुंद।** महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ाने के संबंध में लाए गए संविधान संशोधन विधेयक को कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों द्वारा पारित नहीं होने देना निंदनीय है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध कर यह महिला विरोधी होने का प्रमाण दिया है। उपरोक्त वक्तव्य भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने कही। देवेंद्र ने कहा कि कि दशकों से कांग्रेस ने महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा। आज जब केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को अधिकार व नेतृत्व करने का अवसर देने ऐतिहासिक प्रयास किया। ऐसे में कांग्रेस व विपक्षी दलों द्वारा इस बिल को संसद में पास नहीं होने दिया गया। विपक्ष के इस कृत्य से देश की आधी आबादी दुखी है। विधानसभा,



लोकसभा व राज्यसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण जैसे ऐतिहासिक अवसर को रोकना, महिलाओं के अधिकारों का हनन है। आज कांग्रेस ने सिर्फ़ एक बिल नहीं रोका, बल्कि करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों को ठुकराया है। जिला महामंत्री ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने के बाद विपक्ष जश्न मना रहा है। देश की महिलाएं उन्हें करारा सबक सिखाएंगी। इस कृत्य से कांग्रेस पार्टी बेनकाब हो चुकी है। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो पाया।

### पेंड्रा में भागवत कथा 22 से

**महासमुंद।** ग्राम पेंड्रा तुसदा में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 से 26 अप्रैल तक दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। कथा व्यास से पंडित मिथिलेश तिवारी डूमरपाली वाले भगवत कथा का रसपान कराएंगे। 22 अप्रैल को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गौकर्ण कथा, सृष्टि वर्णन, 23 को ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, वामन, राम, कृष्ण अवतार, 24 को बाललीला, महारास, रुक्मणी विवाह व 25 अप्रैल को द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा इत्यादि प्रसंग होंगे।

### महिला आरक्षण पर भाजपा की कथनी और करनी में फर्कः भूपेंद्र

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने केंद्र की भाजपा सरकार



पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला है। प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने आरोप लगाया कि सरकार ने 2023 में महिला आरक्षण कानून पारित कर 33 प्रतिशत हिस्सेदारी देने का दावा तो किया। लेकिन, इसे लागू करने की प्रक्रिया को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर जानबूझकर टाल दिया गया है। जब अभी जनगणना ही नहीं हुआ है तो परिसीमन कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की मंशा साफ होती तो वर्तमान 543 लोकसभा सीटों में ही लगभग 180 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती थीं। जिसके लिए सारे विपक्षी पार्टी की सहमति है। लेकिन, मोदी सरकार की नीयत में ही खोट है। उनका आरोप है कि ऐसा करने से कई मौजूदा नेताओं की राजनीतिक स्थिति प्रभावित होती, इसलिए सीटों की संख्या बढ़ाने जैसे विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, जिससे सभी पक्षों को संतुष्ट रखा जा सके। उन्होंने पंचायत स्तर का उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगहों पर महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके परिजन निर्णय लेते हैं, जिसे आम बोलचाल में सरपंच पति मॉडल कहा जाता है। उनके अनुसार, यही व्यवस्था बड़े स्तर पर भी लागू होने का खतरा है, जहां महिलाओं के नाम पर प्रतिनिधित्व होगा लेकिन वास्तविक नियंत्रण पुरुषों के हाथ में रहेगा।

# खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना पीसीए का उद्देश्य : मनमीत



**पिथौरा।** पीसीए के तत्वावधान में अंडर-12 ट्रायल क्रिकेट मैच का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम में हुआ। टीम पीसीए 'ए' एवं पीसीए 'बी' के बीच सुबह के सत्र में 15 ओवर का रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मैच के दौरान बल्लेबाजों ने शानदार शॉट्स लगाए, वहीं गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी कर मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। फील्डिंग में भी खिलाड़ियों की चुस्ती और तत्परता सराहनीय रही। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए तन्मय निषाद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें पिथौरा क्रिकेट एकेडमी के संयोजक मनमीत सिंह छाबड़ा के हाथों ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने खिलाड़ियों का उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर संयोजक मनमीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि पिथौरा क्रिकेट एकेडमी (पीसीए) का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं अंचल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सही मंच और मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। एकेडमी के कोच सुनील यादव के कुशल प्रशिक्षण में खिलाड़ी खेल की बारीकियों को सीखते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों, खेल प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों उपस्थिति रहे।

# सिरपुर में एक दिवसीय विकास शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं उनकी चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर आधारित एक दिवसीय विकास शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में हुआ, जिसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरपुर के लगभग 35 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में युवाओं के व्यक्तित्व विकास, कैरियर निर्माण, स्वस्थ जीवनशैली एवं आत्म-सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पावर पॉइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रभावी प्रस्तुतियां दी गईं।



कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ प्रमुख नरेश साहू, भारत साहू, डॉ. साक्षी मेश्राम एवं प्रेमलता साहू ने विषय में प्रस्तुति किए। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठजनों द्वारा गायत्री माता के पूजन एवं युग संगीत के साथ किया गया। अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को साहित्य भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ललित मेश्राम, बोधराम साहू, विश्राम साहू, करण बरिहा, शुकदेव साहू, देवसिंह दीवान, नारायण सिंह ध्रुव एवं केआर माली सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस आयोजन में सत्यप्रकाश ओझा, अमर साहू, कुमारेश श्रीवास्तव एवं उमा ठाकुर (व्याख्याता) का विशेष सहयोग रहा।

### शहर में रामायण रामलीला महोत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** शहर के नयापारा स्थित शिव मंदिर चौक में रामायण रामलीला महोत्सव का दौरा जारी है। जिसमें रात्रि 7:30 बजे से 10:30 बजे तक लोग रामलीला का पुण्यलाभ ले रहे हैं। पहले दिन 14 अप्रैल श्री राम जन्म मुनि आगमन ताड़का वध, 15 को मारीच, सुबाहु वध अहिल्या उद्धार, 16 को धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद, जनक विलाप, 17 को परशुराम लक्ष्मण संवाद सीता राम विवाह, 18 को सूर्पणखां नाक छेदन, सीता हरण, राम विलाप, 19 को शबरी राम भेंट, राम-सुग्रीव मित्रता, बालि वध की कथा सुनाई गई। वहीं 20 अप्रैल लक्ष्मण शक्ति, 21 को मेघनाथ, कुंभकर्ण वध एवं अंतिम दिवस 22 अप्रैल को रावण वध, राम राज्याभिषेक, चढ़ौत्री एवं महाप्रसाद का कार्यक्रम होगा। आयोजक पंडित रोहिणी प्रसाद उपाध्याय एवं राम प्रभु उपाध्याय ने सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।




# नारी शक्ति अधिनियम का विरोध कांग्रेस की नकारात्मक मानसिकताः शिवसेना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



शिवसेना जिलाध्यक्ष अजय बंजारे ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लेकर हुए हालिया घटनाक्रम पर विपक्ष की भूमिका पर कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी संकीर्ण और नकारात्मक मानसिकता को उजागर करता है, जिसकी शिवसेना कड़ी निंदा करती है। अजय ने कहा कि शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आव्हान पर शिवसेना पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़े ऐसे कानूनों का समर्थन हर दल को करना चाहिए तथा इस मुद्दे पर राजनीति करना उचित नहीं है। उन्होंने विपक्ष से राजनीतिक स्वार्थ छोड़कर मील का पत्थर साबित होने वाले कानून का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति विपक्ष के इस रवैये को देख रही है और आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी।







